कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा सरोज, प्रधानाचार्य, शहीद जगदीश सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जय पहाडी, जिला झुन्झुनूं का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोघेरा, सरदारशहर जिला चूरू किया गया था जिसके विरूद्ध सरोज द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 1917/2021 सरोज बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई ।

अपील संख्या 1917/2021 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 15.06.2021 द्वारा अपीलार्थी सरोज को अपनी अपील में वर्णित आधारों के सम्बन्ध में वर्तमान पदस्थापन के अलावा 3 रिक्त पद प्रदर्शित करते हुए प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपना अभ्यावेदन पेश करने एवं सक्षम अधिकारी द्वारा उपर्युक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे विधि अनुसार 15 दिवस के भीतर एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) प्रसारित करते हुए निस्तारित किये जाने सम्बन्धी आदेश प्रदान किये गए। उक्तानुसार अपीलार्थी के अभ्यावेदन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निस्तारित किये जाने तक विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 का क्रियान्वयन माननीय अधिकरण द्वारा अपीलार्थी के सम्बन्ध में स्थगित रखा गया।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में स्वयं के शहीद की वीरांगना होने एवं अपनी प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों के मद्देनजर अपना पदस्थापन राउमावि बुडाना जिला झुन्झुनूं/राउमावि सारी, चिड़ावा जिला झुन्झुनूं अथवा राउमावि बिरोल, नवलगढ जिला झुन्झुनूं में प्रधानाचार्य के पद पर किये जाने की मांग की गई।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का माननीय अधिकरण के निर्णय एवं राज्य सरकार एवं विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनकी मांग पर विचार किया गया। राज्य सरकार द्वारा स्थानान्तरण के सम्बन्ध में जारी दिशा–निर्देश दिनांक 24.09.2019 जो कि पूर्व के समस्त दिशा–निर्देशों के अधिक्रमण (SUPERSESSION) में जारी किये गए हैं, में विधवा कार्मिक को स्थानान्तरण में प्राथमिकता प्रदान किये जाने के निर्देश अवश्य प्राप्त थे किन्तु उक्त निर्देशों में ऐसी कोई बाध्यता नहीं थी कि ऐसे कार्मिकों को प्रशासनिक आवश्यकता में भी अन्यत्र स्थानान्तरित नहीं किया जा सकता।

अपीलार्थी को योगकाल एवं यात्रा भत्ता अनुज्ञेय करते हुए झुन्झुनूं जिले के समीपस्थ चूरू जिले में ही स्थानान्तरित किया गया है, किसी दूरस्थ स्थान पर नहीं। अपीलार्थी राज्य सेवा की अधिकारी हैं और राज्य हित/विद्यार्थी हित/विभागीय प्राथमिकता एवं प्रशासनिक आवश्यकता में उन्हें राज्य में कहीं पर भी पदस्थापित किया जा सकता है। किसी भी लोकसेवक को एक ही स्थान पर बने रहने का कोई निहित अधिकार (VESTED RIGHT) नहीं है। सरकार अथवा विभागाध्यक्ष द्वारा आवश्यकतानुसार उन्हें राज्य में कहीं पर भी स्थानान्तरित/पदस्थापित किया जा सकता है। अन्यत्र स्थानान्तरित/पदस्थापित किये जाने से किसी भी लोकसेवक के विधिक अधिकारों एवं सेवा नियमों का किसी भी प्रकार से कोई उल्लंघन नहीं होता।

उक्तानुसार अपीलार्थी सरोज स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य (शहीद जगदीश सिंह राउमावि जिला झुन्झुनूं से राउमावि बोघेरा, सरदारशहर जिला चूरू) का अभ्यावेदन एतद द्वारा खारिज किया जाता है। चूंकि माननीय अधिकरण द्वारा अपीलार्थी के अभ्यावेदन निस्तारण तक ही विभागीय स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 का क्रियान्वयन स्थगित किया गया है, अतः अपीलार्थी सरोज को निर्देशित किया जाता है कि वे विभागीय आदेश दिनांक 04.01.2021 की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए अपने स्थानान्तरित स्थान राउमावि बोघेरा, सरदारशहर जिला चूरू में प्रधानाचार्य के पद पर तत्काल कार्यग्रहण किया जाना सुनिश्चित करें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/सरोज/1917/2021/170 दिनांकः 22/07/2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

—क्र.

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, झुन्झुनूं/चूरू।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक झुन्झुनूं/चूरू।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. सरोज, स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य, राउमावि बोघेरा, सरदारशहर जिला चूरू।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)